मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-286
12/09/2024

# मुख्यमंत्री ने सारण जिला के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मढ़ौरा में 306.63 लाख रूपये की लागत से वर्कशॉप एवं टेकलैब के नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन, 59.93 करोड़ रूपये की योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, मढ़ौरा में 300–300 की क्षमता वाले दो छात्रावासों का किया उद्घाटन

पटना, 12 सितंबर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज सारण जिला के मढ़ौरा प्रखण्ड स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मढ़ौरा परिसर में नवनिर्मित 300–300 क्षमता के दो छात्रावासों के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, मढ़ौरा के नवनिर्मित छात्रावासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में छात्रावासों में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां भवन काफी सुंदर ढंग से बन गया है। यह मेंटेंन रहे और इसकी साफ–सफाई नियमित रूप से होता रहे, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें ताकि यहां आवासित छात्रों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

मुख्यमंत्री ने सारण जिला अंतर्गत 59.93 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित होनेवाले 8 मॉडल थाना भवन, यातायात थाना भवन सहित कुल 22 पुलिस भवनों के शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। इनमें सारण जिला अंतर्गत यातायात थाना भवन, सहाजितपुर थाना भवन एवं आउट हाउस, दरिहारा भुआल थाना भवन एवं आउट हाउस, अकीलपुर थाना भवन एवं आउट हाउस, मांझी थाना भवन एवं आउट हाउस, मकेर थाना भवन एवं आउट हाउस, पहलेजा थाना भवन एवं आउट हाउस, गौरा थाना भवन एवं आउट हाउस, नगरा थाना भवन एवं आउट हाउस के अतिरिक्त 13 थाना परिसरों में 20–20 महिला सिपाही बैरक का निर्माण कार्य किया जाना है।

मुख्यमंत्री ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मढ़ौरा में सात निश्चय योजना–2 के तहत 306.63 लाख रूपये की लागत से वर्कशॉप एवं टेकलैब (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) के नवनिर्मित भवन के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने वर्कशॉप एवं टेकलैब का मुआयना किया। मुआयना के क्रम में मुख्यमंत्री ने एडिटीव मैन्यूफैक्चरिंग लैब, रोबोटिक्स, एडवांस प्लबिंग, प्रोडक्ट वेरीफिकेशन एण्ड एनालयसिस लैब आदि का अवलोकन कर अधिकारियों से जानकारी ली।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने मढ़ौरा प्रखंड के ग्राम पंचायत राज अमनौर हरनारायण में जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत सौंदर्यीकृत अमृत सरोवर का भ्रमण किया। इस दौरान अमृत सरोवर प्रांगण में मुख्यमंत्री ने पौधारोपण किया एवं अमृत सरोवर के बत्तखों को दाना भी खिलाया। भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अमृत सरोवर के चारों तरफ पेवर ब्लॉक लगाएं ताकि लोग आसानी से टहल सकें। इसमें

सीढ़ीनुमा घाट का भी निर्माण कराएं जिससे लोग सरोवर में स्नान, पूजा–पाठ वगैरह कर सकें। उन्होंने कहा कि सभी पार्टियों की मीटिंग कर हमलोगों ने जल–जीवन–हरियाली अभियान शुरू करने का निर्णय लिया था क्योंकि जल और हरियाली रहेगी तभी जीवन सुरक्षित रहेगा।

मुख्यमंत्री ने अमनौर प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत राज अपहर में 22.48 करोड़ रूपये की लागत से कुल 20 योजनाओं के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इन योजनाओं में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, नवनिर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन, हरिजी अपहर उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज अपहर सारण में विकास मद्द की राशि से निर्मित चहारदीवारी एवं प्रवेश द्वार का उद्घाटन, ग्राम पंचायत अपहर में मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना का उद्घाटन, ग्राम अपहर के वार्ड संख्या–8 में मनरेगा अंतर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय के चहारदीवारी निर्माण का उद्घाटन सहित अन्य कई विभागों की योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत राज अपहर में स्थित तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तालाब के चारों तरफ सघन वृक्षारोपण कराने एवं पेवर ब्लॉक लगाने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्राई साइकिल की चाभी, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साह अनुदान योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना का सांकेतिक चेक, अभियान बसेरा अंतर्गत सुयोग्य श्रेणी के लाभुकों को सरकारी भूमि की बंदोबस्ती का प्रमाण प्रत्र, मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना की चाभी, कुशल युवा कार्यक्रम एवं बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से संबंधित स्वीकृति पत्र चयनित लाभुकों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने सतत जीवीकोपार्जन योजना अंतर्गत 848 लाभार्थियों को 3 करोड़ 29 लाख 41 हजार रूपये का सांकेतिक चेक एवं 18137 स्वयं सहायता समूहों को बैंक ऋण से संबंधित 127 करोड़ 75 लाख रूपये का सांकेतिक चेक जीवीका दीदियों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका नाम हमलोगों ने ही दिया है। बाद में केन्द्र ने इस योजना को आजीविका के रूप में अपनाया, इसे भूलियेगा मत।

मुख्यमंत्री ने हरिजी अपहर उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यालय में पठन–पाठन की स्थिति एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में विद्यार्थियों से बातचीत कर जानकारी ली। विद्यालय प्रांगण में स्केटिंग एवं अन्य खेल में भाग ले रहे बच्चों से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सारण जिला के अमनौर प्रखंड अंतर्गत रामबल्ली नंदरानी इंटरस्तरीय प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय अपहर, सारण में 8 कमरा एवं चहारदीवारी के निर्माण कार्य से संबंधित शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, श्रम संसाधन मंत्री श्री संतोष कुमार सिंह, सांसद श्री राजीव प्रताप रूड़ी, विधायक श्री कृष्ण कुमार मंटू, विधान पार्षद श्री सच्चिदानंद राय, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव डॉ0 प्रतिमा एस0 वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, श्रम संसाधन विभाग के सचिव श्री दीपक आनंद, आयुक्त सारण प्रमंडल श्री गोपाल मीणा, निदेशक माध्यमिक शिक्षा श्री योगेन्द्र सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक सारण रेंज श्री नीलेश कुमार, सारण जिलाधिकारी श्री अमन समीर, पुलिस अधीक्षक सारण श्री कुमार आशीष सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******